>

Title: Need to set up auxiliary units of Rail Coach Factory, Raebareli in district Faizabad, Uttar Pradesh.

डॉ. निर्मल खत्री (फ़ैज़ाबाद): फैजाबाद (उत्तर प्रदेश) जनपद मुख्यालय होने के साथ ही साथ मण्डलीय मुख्यालय भी है। पूर्व में अवध क्षेत्र की राजधानी होने का गौरव भी इसे हासिल रहा है लेकिन आज यहजनपद औद्योगिक विकास के मामले में पिछड़ता जा रहा है। पहले से कार्यरत ईकाइयाँ दम तोड़ रही हैं व नयी ईकाइयाँ नहीं लग पा रही हैं। आवश्यकता है कि सरकारी क्षेत्र में यहाँ औद्योगिक विस्तार हो। रायबरेली में रेल कोच फैक्ट्री बनी है, यह प्रसन्नता की बात है। मेरा सरकार से निवेदन है कि इस रेल कोच फैक्ट्री की सहायक (ऑक्सिलरी) ईकाइयाँ फैजाबाद में लगायी जाये ताकि युवकों को रोजगार मिल सके, साथ ही अन्य क्षेत्र के सरकारी उपक्रमों को भी प्रेरित किया जाये।